समाचार

# वार्ड क्र. 56 में प्रारंभ कराया गया नाली व सड़क निर्माण कार्य




कोरबा 23 मई 2020 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सर्वमंगला जोनांतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 56 पंखादफाई में 14 लाख 78 हजार रूपये से नाली व 12 लाख 43 हजार रूपये की लागत से सड़क का निर्माण कार्य भूमिपूजन की औपचारिकता किए बिना प्रारंभ कराया गया। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा दिए गए निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने भूमिपूजन की औपचारिकता किए बिना केवल स्थल निरीक्षण कर उक्त महत्वपूर्ण कार्य को प्रारंभ कराया।

यहां उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए शहर वार्ड एवं बस्तियों में जल भराव न हों तथा पानी की समुचित निकासी सुनिश्चित हो सके, इस हेतु नाले–नालियों के प्रस्तावित निर्माण कार्यो को प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे। वर्तमान में लाकडाउन के मद्देनजर राज्य शासन द्वारा लोकार्पण भूमिपूजन के कार्यो में प्रतिबंध लगाया गया है, अतः महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 56 पंखादफाई का स्थल निरीक्षण कर भूमिपूजन की औपचारिकता किए बिना वहां पर नाली व सड़क निर्माण कार्य को प्रारंभ कराया। 14 लाख 78 हजार रूपये की लागत से बनने वाली नाली एवं 12 लाख 43 हजार रूपये की लागत से निर्मित होने वाली सड़क का निर्माण कार्य निगम द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। इसके साथ ही महापौर ने निर्देश दिए गए कि अन्य स्थानों पर जहां जल भराव की संभावना बनती है, वहां नाली निर्माण कार्यो की निविदा आदि की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, वहां पर भी तुरंत इन कार्यो को प्रारंभ कराया जाए। स्थल निरीक्षण के दौरान एम.आई.सी. सदस्य अमरजीत सिंह,

पार्षद पदमा साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुसमुण्डा के अध्यक्ष सनीष कुमार, पूर्व एम.आई.सी. सदस्य भुवनेश्वरी देवी आदि उपस्थित थे।